सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)
Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

पत्रांक—4948 / सि0वि0वि0 / प0सा0 / 2025 दिनांक 31—01—2025

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या
सहायता प्राप्त अशासकीय, राजकीय, स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
जनपद—सिद्धार्थनगर, महराजगंज, सन्तकबीरनगर, बस्ती, श्रावस्ती व बलरामपुर।

विषय— विषम सेमेस्टर परीक्षा 2024—25 के परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकापी जमा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र सं0—4945 / सि0वि0वि0 / प0सा0 / 2025 दिनांक 25—01—2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा **विषम सेमेस्टर परीक्षा 2024—25** के परीक्षा **आवेदन पत्र की हार्डकापी** समस्त संलग्नकों को **सत्यापित** करते हुए **एन0आर0 व शुल्क चालान (दो प्रति में)** विश्वविद्यालय में जमा किये जाने की अन्तिम **तिथि** 10—02—2025 तक निर्धारित किया गया है।

तद्क्रम में अवगत कराना है कि **विषम सेमेस्टर परीक्षा 2024—25** की सम्पन्न समस्त पाठ्यक्रमों के मूल्यांकनोपरान्त परीक्षाफल प्रायः तैयार किया जा चुका है। किन्तु परीक्षा आवेदन की हार्डकापी के अभाव में परीक्षाफल घोषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। जिन महाविद्यालयों द्वारा हार्डकापी जमा नहीं किया गया है उनका परीक्षाफल बाधित करते हुए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का परीक्षाफल नियमानुसार घोषित किया जा रहा है। हार्डकापी जमा होने के उपरान्त बाधित परीक्षाफल घोषित कर दिया जायेगा।

अतः **विषम सेमेस्टर परीक्षा 2024—25** के परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त संलग्नकों को **सत्यापित** करते हुए **एन0आर0 व शुल्क चालान (दो प्रति में)** अनिवार्यरूप से **दिनांक 10—02—2025** तक जमा कराने का कष्ट करें। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी दशा में तिथि विस्तारित नहीं किया जायेगा, जिसके लिए महाविद्यालय स्वयं जिम्मेदार होंगे।

भवदीय

31.01.25

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक—4948 / तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. समस्त प्रभारी / विभागाध्यक्ष, सिद्धार्थ वि0वि0 क0, सिद्धार्थनगर।
3. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी / मीडिया प्रभारी, सि0वि0वि0क0 परिसर।
4. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. प्रभारी परीक्षा / कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
6. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

31.01.25

उपकुलसचिव